## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 05.05.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– सरकार 2036 ओलंपिक से पहले भारत को खेल महाशक्ति बनाने के लिए प्रतिबद्ध।
- भारत जीनोम–संवर्धित चावल की किस्में विकसित करने वाला दुनिया का पहला देश बना।
- कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने रांची आदिवासी छात्रावास का किया औचक निरीक्षण, सुविधाओं में सुधार का दिया आश्वासन।
- देवघर साइबर पुलिस की छापेमारी में छह संदिग्ध हुए गिरफ्तार, मोबाइल, सिमकार्ड और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त।
- आईपीएल टी 20 में आज सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला डेल्ही कैपिटल्स से होगा।

*****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार 2036 ओलंपिक से पहले भारत को खेल महाशक्ति बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कल 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025' के उद्‌घाटन के वीडियो संबोधन में प्रधानमंत्री ने यह बात कही।

*****************

भारत जीनोम–संवर्धित चावल की किस्में विकसित करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–आईसीएआर द्वारा विकसित चावल की दो किस्मों को लॉन्च किया। नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में श्री चौहान ने कहा कि यह शोध प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प में मील का पत्थर साबित होगा।

*****************

राज्य के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने रांची के बुंडु स्थित आदिवासी कॉलेज छात्रावास का औचक निरीक्षण किया और छात्रों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने छात्रावास में समुचित खानपान, पढ़ाई और स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। मौके पर मंत्री ने भवन निर्माण में अनियमितता पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने छात्रों को मेहनत और संघर्ष की प्रेरणा देते हुए कहा कि सरकार उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है।

*****************

साहिबगंज जिले में इलेक्ट्रॉनिक दुकानदार संजीव साह की सरेआम गोली मारकर हत्या के विरोध में व्यवसायियों ने बाजार बंद रखा है। राजमहल के पूर्व विधायक अनंत ओझा ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और आरोप लगाया कि सरकार और प्रशासन कानून–व्यवस्था नहीं संभाल पा रहे हैं। इधर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच का भरोसा दिलाया।

*****************

सेंसेक्स और निफ्टी आज सुबह के कारोबार में लगभग 0.4 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे, क्योंकि विदेशी फंडों का प्रवाह जारी था और वैश्विक स्तर पर सकारात्मक संकेत मिल रहे थे। बैंकिंग शेयरों को छोड़कर, अन्य सभी क्षेत्रीय सूचकांक बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अंतिम रिपोर्ट आने तक 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 281 अंक बढ़कर 80 हजार 783 पर और एनएसई निफ्टी 50 हजार 104 अंक बढ़कर 24 हजार 451 पर पहुंच गया है।

*****************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोना का भाव 87 हजार दो सौ पचास रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख एक हजार रुपये प्रति किलो है।

****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

****************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में स्पेन और स्वीडन दौरे पर गए झारखंड प्रतिनिधिमंडल के वरीय पदाधिकारी आज दोपहर रांची में संवाददाता सम्मेलन करेंगे। इसमें विदेशी निवेश से जुड़े अनुभवों और संभावनाओं की जानकारी साझा की जाएगी।

****************

प्रदेश कांग्रेस की रांची में कल होने वाली संविधान बचाओ रैली को लेकर राज्य में सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कल एक संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि रैली में कांग्रेस अध्यक्ष को संविधान को नुकसान पहुंचाने के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

इसके जवाब में कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि श्री मरांडी अब भी चुनावी हार से उबर नहीं पाए हैं।

****************

देवघर साइबर थाना पुलिस ने जसीडीह, मोहनपुर, खागा और सारठ थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर छह संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने कई मोबाइल फोन, सिमकार्ड और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त किए हैं। जब्त उपकरणों की जांच तकनीकी टीम द्वारा की जा रही है, ताकि आपराधिक गतिविधियों से संबंधित साक्ष्य जुटाए जा सकें।

****************

सरायकेला–खरसावां जिले के राजनगर प्रखंड के रोला में संताली लिपि ओलचिकी के जनक पंडित रघुनाथ मुर्मू की 120वीं जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में वक्ताओं ने पंडित मुर्मू के योगदान को याद करते हुए संथाली भाषा को झारखंड की प्रथम राजभाषा बनाने की मांग दोहराई। मौके पर झारखंड प्रदेश के पोनोत परगना सुगनाथ हेंब्रोम ने उनके संदेशों को आत्मसात करने की अपील की।

****************

साहिबगंज के ग्रामीण इलाकों में लोग सोलर उर्जा तथा इससे चलनेवाले उपकरणों का उपयोग करें, इसके लिए जिला प्रशासन प्रयास कर रहा है।

****************

मौसम विभाग ने अगले तीन घंटों के अंदर देवघर, लोहरदगा और पश्चिमी सिंहभूम जिले के कुछ हिस्सों में आंधी–तूफान और वज्रपात के साथ हल्की से मध्यम बारिश की चेतावनी जारी की है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों से सुरक्षित स्थानों पर रहने और पेड़ या बिजली के खंभों से दूर रहने की सलाह दी है। किसानों को भी खेतों में न जाने और मौसम सामान्य होने तक इंतजार करने की चेतावनी दी गई है।

****************

आईपीएल टी 20 में आज सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला डेल्ही कैपिटल्स से होगा। यह मैच आज शाम साढ़े सात बजे से हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

****************